# बीएसटीसी भर्ती फर्जीवाड़ा : डमी कैंडिडेट बैठाने वाले 12 वांटेड आरोपी गिरफ्तार

## पांच साल से फरार इन बदमाशों को एस.ओ.जी. ने दबोचा

**जयपुर (का.सं)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बीएसटीसी (प्री. डीएलएड) भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 साल से फरार 12 वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा दिलवाने के नेटवर्क से जुड़े थे।



विशाल बोडात, जगदीश गमार, जीवतराम, लोकेश, मन्नालाल, राहुल बोडात, संजय डामोर, विक्रम कुमार, मुकेश, लक्ष्मी कुमारी, प्रेम कुमारी, रवीन्द्र सिंह

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2019-20 में बीकानेर से आयोजित बीएसटीसी (प्री. डीएलएड) परीक्षा में धांधली सामने आई थी। फरवरी 2021 में पाली जिले के रोहट थाना पुलिस ने अशोक सारण पुत्र केसाराम विश्नोई को संदिग्ध रूप से पकड़ा था। तलाशी के दौरान उसके पास मुख्य अभ्यर्थियों की जगह रुपए लेकर डमी कैंडिडेट से परीक्षा दिलवाने से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए थे।

एसओजी द्वारा अशोक सारण से पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने पैसे देकर अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाए थे। शिक्षा विभाग से प्राप्त दस्तावेजों और एफएसएल जांच में हस्ताक्षर व लिखावट मेल नहीं खाने पर फर्जीवाड़ा प्रमाणित हुआ।

डीआईजी परिस देशमुख के निर्देश पर एसआई भर्ती परीक्षा-2025 के दौरान नकल रोकथाम और वांटेड आरोपियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी दौरान परीक्षा देने पहुंचे आरोपियों को चिन्हित कर एसओजी टीमों ने कार्रवाई की।

एसओजी ने उदयपुर से 11 और भरतपुर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में जगदीश गमार (27), जीवतराम मोडिया (23), लक्ष्मी कुमारी (30), मन्नालाल (26), मुकेश गमार (25), लोकेश कुमार (24), प्रेम कुमारी (25), राहुल बोडात (26), संजय कुमार डामोर (27), विक्रम कुमार (25), विशाल कुमार बोडात (29) सभी निवासी उदयपुर क्षेत्र तथा रवींद्र सिंह मुसावत (28) निवासी वैर (भरतपुर) शामिल हैं।

एसओजी के अनुसार, आरोपी एसआई भर्ती परीक्षा-2025 देने के लिए पहुंचे थे, जहां से उन्हें गिरफ्तार किया गया। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और फर्जीवाड़े से जुड़े नेटवर्क की गहराई से जांच जारी है।

# भजनलाल सरकार के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों का हो रहा सर्वांगीण विकास

## वनाधिकार पट्टों की राजस्व रिकॉर्ड जारी करने के लिए चलाया जाएगा अभियान

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, आर्थिक स्वावलंबन और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में राजस्थान सरकार ने बजट वर्ष 2026-27 में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की है।

राज्य सरकार द्वारा जनजाति समाज को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकार पत्र जारी करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इन वनाधिकार पट्टों की राजस्व रिकॉर्ड में प्रविष्टि सुनिश्चित की जाएगी। सरकार की इस पहल से जनजाति क्षेत्र के किसानों को उनकी भूमि पर पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा और वे बैंकों से सुगमतापूर्वक ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों डूंगरपुर और बांसवाड़ा के राजस्थान ग्रामदानी अधिनियम से शासित गांवों के किसानों के लिए सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। वर्तमान में इन किसानों के नाम राजस्व रिकॉर्ड में अंकित नहीं होने के कारण वे सरकारी लाभों से वंचित रहते है। बदली हुई आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार ग्रामदानी अधिनियम में संशोधन कर इन गांवों के किसानों को खातेदारी

> ■ महिला, युवा रोजगार एवं बालिका शिक्षा पर राज्य सरकार का विशेष फोकस

अधिकार प्रदान करेगी, जिससे उन्हें बैंक ऋण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

जनजाति क्षेत्रों में कृषि को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए भी सरकार अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। कांगनी, कोदो, सांवा, कुटकी, चीना और रागी जैसे मिलेट्स की मांग को देखते हुए 100 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रदर्शनी आयोजित किए जाएंगे, जिससे एक हजार कृषक लाभान्वित होंगे। साथ ही फसल उत्पादन में वृद्धि के लिए 85 करोड़ रूपये के व्यय से 8 लाख 50 हजार जनजाति कृषकों को गुणवत्तापूर्ण बीज संकर मक्का बीज मिनीकिट उपलब्ध करवाये जायेंगे।

सहरिया, खैरवा (बारां) और कथौड़ी (उदयपुर) जनजाति परिवारों के लिए सहायता प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है। अब खाद्य सामग्री के स्थान पर पात्र परिवारों की महिला मुखिया को 1200 रुपये प्रतिमाह सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे। इस योजना पर 55 करोड़ रुपये व्यय कर लगभग 38 हजार परिवार लाभान्वित होंगे। वहीं बालिका शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, सिरोही जिले में जनजाति बालिकाओं के लिए नया छात्रावास खोला जाएगा।

जनजाति युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष कदम उठाए गए हैं। स्वनिधि योजना अन्तर्गत उन्हें चिन्हित कर ऋण उपलब्ध करवाने हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत आगामी वर्ष में 5 हजार युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने हेतु ब्याजमुक्त ऋण दिया जाएगा। साथ ही जनजातीय युवकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने आंवला, शहद, इमली और महुआ जैसे वन उपजों के मूल्य संवर्धन के लिए बांसवाड़ा और उदयपुर में लघु वन उपज प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

जनजाति समाज की आस्था स्थलों के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्धता दिखा रही है। सलूम्बर के सोनार माता मंदिर, बांसवाड़ा (आनंदपुरी) के सलाकेश्वर महादेव मंदिर और उदयपुर (झाडोल) के रामकुण्डा महादेव मंदिर में सार्वजनिक सुविधाओं और विकास कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही, डूंगरपुर के आसपुर क्षेत्र सहित विभिन्न आदिवासी बस्तियों में सड़कों, पुलियाओं और बरसाती नालों के निर्माण से बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाएगी।

# कृषि उपज मंडी समितियों में होंगे 40 करोड़ रु. के विकास कार्य

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी स्वीकृति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य की कृषि उपज मण्डी समितियों के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में 40 करोड़ 63 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।

शर्मा की इस स्वीकृति से कृषि उपज मण्डी समिति जैसलमेर, रायसिंहनगर (श्रीगंगानगर), नोखा (बीकानेर), कोटपूतली, मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर), भादरा (हनुमानगढ़), सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर), चौमूं-जयपुर

> ■ 781 किसान विश्राम स्थलों के लिए 46 करोड़ 86 लाख रु. की मंजूरी

(अनाज), कोटा (अनाज), लालसोट (दौसा), खेरली, सवाईमाधोपुर, रामगंजमण्डी (कोटा), डूंगरपुर, पहाड़ी (डीग), सोजत (पाली), गोविन्दगढ़ (अलवर), टिब्बी (हनुमानगढ़), गोलूवाला (हनुमानगढ़), मण्डावरी (दौसा) एवं डीग में यार्ड के निर्माण, विद्युत संबंधी एवं सम्पर्क सड़कों के निर्माण कार्य करवाये जायेंगे। इससे कृषि उपज मण्डियों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा और अन्नदाता एवं व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इसी प्रकार शर्मा ने आमजन एवं किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत मण्डियों में किसान विश्राम स्थलों के निर्माण की अभिनव पहल भी की है। इस पहल के अनुरूप प्रथम चरण में प्रदेश की विभिन्न 116 मण्डियों के अंतर्गत 46 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से 781 किसान विश्राम स्थलों का निर्माण कराया जाएगा। जिससे वर्षा, गर्मी एवं सर्दी के मौसम में किसानों को सहूलियत होगी।

# जज पढाएंगे स्कूली विद्यार्थियों को विधिक चेतना का पाठ

**जयपुर (कासं)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रदेश की पचास हजार से अधिक स्कूलों के कक्षा आठ से 12 तक के विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक करने का बीड़ा उठाया गया है।

इसके तहत हर मंगलवार को प्रदेश के करीब 1400 न्यायिक अधिकारी स्कूलों में जाकर इन विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और अधिकारों के बारे में विस्तार से पढाएंगे। मंगलवार सात अप्रैल से शुरू होने वाले इस युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम में इस माह साइबर सुरक्षा का पाठ पढाया जाएगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्रि ने बताया कि इस अभियान के तहत करीब दस विषयों पर बुकलेट तैयार की गई है। जिसमें बताए गए कानूनी अधिकारों और जागरूकता कार्यक्रमों को प्रदेश की पचास हजार से अधिक स्कूलों के लाखों विद्यार्थियों को बताया जाएगा। वहीं सप्ताह के अन्य दिनों में प्राधिकरण से जुडे वकील, पीएलवी सहित अन्य लोग विद्यार्थियों को जानकारी देंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन सुविधा रखने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों को भी ऑनलाइन पाठ पढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की ओर से साइबर सुरक्षा यूनिट भी गठित की गई है। जिसमें प्राधिकरण के अधिकारी, साइबर सुरक्षा से जुडे प्रतिनिधि और विशेषज्ञ वकीलों को शामिल किया गया है।कोर्ट वाली दीदी को करें शिकायत- सदस्य सचिव अत्रि ने बताया की न्यायिक अधिकारी स्कूलों में अपने साथ एक बॉक्स लेकर जाएंगे।

# एसआई भर्ती-2021: डमी कैंडिडेट बैठाकर पास हुआ अभ्यर्थी गिरफ्तार

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में डमी कैंडिडेट बैठाकर परीक्षा पास करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि वर्ष 2024 में दर्ज एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक प्रकरण की जांच के दौरान यह मामला सामने आया। जांच में खुलासा हुआ कि टोंक जिले के अलीगढ़ निवासी सियाराम मीना (32) पुत्र बाबूलाल मीना ने खुद परीक्षा देने के बजाय डमी कैंडिडेट बैठाया था।

जांच के अनुसार डमी कैंडिडेट के रूप में हनुमान प्रसाद मीना पुत्र ग्यारसी लाल मीना, निवासी अलीगढ़ (टोंक) ने परीक्षा दी थी। इसके लिए दोनों के



आरोपी सियाराम मीना

बीच 15 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था।एसआई भर्ती-2021 की लिखित परीक्षा 13 सितंबर 2021 को दो पारियों में आयोजित की गई थी, जिसमें डमी कैंडिडेट ने दोनों पेपर दिए। इसके परिणामस्वरूप सियाराम मीना को हिंदी विषय में 200 में से 140.21 अंक और सामान्य ज्ञान में 200 में से 109 अंक प्राप्त हुए, जिससे वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया।

एसओजी के अनुसार टोंक पुलिस ने लंबे समय से फरार आरोपी सियाराम मीना को गिरफ्तार कर एसओजी को सौंपा। इसके बाद एसओजी ने सोमवार दोपहर उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों व नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

एसओजी ने बताया कि इस प्रकरण में अब तक 63 ट्रेनी एसआई, 6 चयनित एसआई सहित कुल 140 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच एजेंसी मामले की गहराई से पड़ताल कर रही है, जिससे भर्ती परीक्षा में हुई अनियमितताओं का पूरा नेटवर्क उजागर किया जा सके।

# ट्रेनी आईपीएस माधव उपाध्याय को सरकार ने किया ए.पी.ओ.

**जयपुर/भीलवाड़ा (कासं)।** राज्य सरकार ने ट्रेनी आई.पी.एस. माधव उपाध्याय को एपीओ (आदेशों की प्रतीक्षा में) किया है। वे फिलहाल भीलवाड़ा के सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। इस संबंध में सोमवार को कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह ने आदेश जारी किए।

सूत्रों की मानें तो भीलवाड़ा में रविवार को पुलिस ने वसूली गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इनमें जहाजपुर विधायक गोपी मीणा का प्रतिनिधि अजय पांचाल मुख्य आरोपी है। गैंग गार्नेट खनन कारोबारियों से हर महीने वसूली कर रही थी। अजय पांचाल की गिरफ्तारी के बाद सामने आए तथ्यों पर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने विजिलेंस जांच के आदेश दिए। अजमेर जीआरपी एसपी नरेंद्र सिंह को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

मामले में वॉट्सएप चैट और कुछ संदिग्ध इनपुट भी जांच के दायरे में है। आरोपी अजय पांचाल से पूछताछ में कई खुलासे होने की बात सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि अजय के

> ■ भीलवाड़ा में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे माधव उपाध्याय

मोबाइल से माधव उपाध्याय के साथ हिसाब और चैट से जुड़ी बातें सामने आईं, जिसके बाद जांच शुरू की गई। इसी आधार पर आई.पी.एस. के खिलाफ जांच बैठाई गई। बताया जा रहा है कि अजय जानकारी देता था और माधव उन इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते थे। अजय ने उन्हें कई बड़े मामलों के बारे में जानकारी दी थी।

इधर, आईपीएस माधव उपाध्याय का कहना है कि, अजय पांचाल से मेरी मुलाकात एसपी ऑफिस में एक केस के सिलसिले में हुई थी। इसमें अजय ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की थी। कई इनपुट इन्फॉर्मेशन के बाद अलग-अलग अधिकारियों के नेतृत्व में कार्रवाई की थी। इस मामले में कुछ और लोगों की भूमिका भी शक के दायरे में है, जिसकी जांच की जा रही है।

# 'कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत'

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की गौरवशाली परंपरा, विचारधारा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और मजबूत करने का आव्हान किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर आज तक अनेक महान व्यक्तित्वों और समर्पित कार्यकर्ताओं के त्याग और परिश्रम ने पार्टी को इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। उन्होंने ऐसे सभी योगदानकर्ताओं को नमन किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आज भले ही संचार के आधुनिक साधन उपलब्ध हैं, लेकिन पहले सीमित संसाधनों में भी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का जो कार्य किया, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे पूर्वजों के आदर्शों को अपनाकर संगठन को और सशक्त बना रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर भाजपा जयपुर के जिला अध्यक्ष अमित गोयल, जिला महामंत्री नवरत्न नारायणीय, रेखा राठौड़, राजेश तांबी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे अपनी परिचालन क्षमता दोगुना करने के मिशन पर

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे अपने ट्रेनों के रखरखाव अवसंरचना को मजबूत करके अपनी रेल परिचालन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने का मिशन क्रियान्वित कर रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे अपनी रेल रखरखाव क्षमताओं के व्यापक विस्तार की योजना पर कार्य कर रहा है। रेल परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए रखरखाव क्षमता में वृद्धि महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, ट्रेनों के रखरखाव के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 22 रेल पिट लाइनें हैं। उल्लेखनीय है कि पिट लाइन ट्रेनों के प्राइमरी मेंटिनेंस के लिए अति आवश्य है। किसी ट्रेन के संचालन के लिए उसका समय पर मेंटिनेंस जरूरी है।एक मिशन-आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए, उत्तर पश्चिम रेल ने अपने विभिन्न स्थानों पर रेल रखरखाव के लिए 20 नई रेल पिट लाइनों के निर्माण का कार्य शुरू किया है। इन नई रेल पिट लाइनों पर काम तेजी से चल रहा है और इन कार्यों के प्रगति की उच्च स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। इन नई रेल पिट लाइनों का निर्माण निम्न प्रकार से किया जा रहा है, उनमें मदार (1 लाइन), उमरा (2 लाइन), लालगढ़ (4 लाइन), श्रीगंगानगर (2 लाइन), हिसार (2 लाइन), सूरतगढ़ (2 लाइन), खातीपुरा (4 लाइन), बाड़मेर (1 लाइन), जैसलमेर (2 लाइन) शामिल है।इस व्यापक विस्तार से मौजूदा रखरखाव क्षमता लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है, जिससे उत्तर पश्चिम रेलवे की रेल संचालन क्षमता एक तरीके से दोगुनी हो जाएगी।

इससे नई रेल सेवाओं की शुरुआत के पर्याप्त अवसर पैदा होंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में नई ट्रेनों की शुरुआत सभी यात्रियों के लिए लाभकारी होगी, जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, उत्तर पश्चिम रेलवे अपनी दीर्घकालिक अवसंरचना विकास रणनीति के तहत 10 और रेल लाइनों के निर्माण की योजना बना रहा है। इन अतिरिक्त सुविधाओं के लिए वर्तमान में यह रणनीति योजना और स्वीकृति के विभिन्न चरणों में हैं।

# सलूम्बर के दो गांवों में 5 बच्चों की रहस्यमयी मौत की जांच होगी

## चिकित्सा विभाग ने उदयपुर के विशेषज्ञों की टीम भेजी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** सलूम्बर जिले के दो गांवों में रहस्यमयी बीमारी से 5 बच्चों की मौत के मामले में राज्य सरकार ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित कर गहन जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को वस्तुस्थिति पर नजर रखने एवं प्रभावित क्षेत्रों में बुखार के लक्षण वाले बच्चों की सघन स्क्रीनिंग करवाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि सलूम्बर में बच्चों की मौत का मामला सामने आने पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने तत्काल अधिकारियों को वस्तुस्थिति पता करने, मौत के कारणों का पता लगाने तथा इस बीमारी की रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश

> ■ प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य की सघन स्क्रीनिंग होगी

दिए थे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित कर बीमारी से प्रभावित गांवों में भेजी है, जो बच्चों की मौत का कारण पता लगाने के साथ ही बीमारी से बचाव के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर रही है। साथ ही, स्वास्थ्य निदेशालय, जयपुर से भी एक टीम भेजी गई है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भी सोमवार रात वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मामले की पूरी जानकारी ली और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन तथा अन्य अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि सलूम्बर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित गांवों सहित सलूम्बर एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम नियोजित कर बुखार के लक्षण वाले बच्चों की गहन स्क्रीनिंग सुनिश्चित करें। किसी भी बच्चे में लक्षण मिलें तो तत्काल प्रभाव से उसे उपचार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी बच्चे की स्थिति गंभीर हो तो उसे तत्काल जिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में रेफर किया जाए। साथ ही, मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए एंटीलार्वा, सोर्स रिडक्शन, फोगिंग सहित अन्य गतिविधियां करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# गुरूग्राम भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की 9 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम स्थित भाजपा जिला कार्यालय गुरुकमल में पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री, पार्टी के संस्थापक एवं प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी की 9 फुट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई है। इस मूर्ति का अनावरण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली और प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियाँ ने किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान स्थापित की है, जिसकी मजबूत नींव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व में रखी गई थी। वरिष्ठ नेताओं के त्याग, संघर्ष और दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसंघ जैसे संगठन को भी व्यापक लक्ष्य के लिए विलय किया गया।

हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर आज तक की यह यात्रा विचारधारा, त्याग और राष्ट्र सेवा के संकल्प से प्रेरित रही है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों और अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन मॉडल ने मजबूत नींव रखी। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक निर्णयों और



गुरुग्राम भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मूर्ति का अनावरण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली और प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियाँ ने किया।

जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है।

डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि गांव, गरीब और किसान के जीवन में सुधार, आधारभूत ढांचे का विस्तार और राष्ट्रीय गौरव की पुनर्स्थापना इस यात्रा की पहचान बनी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जिस विचार और जनसेवा के संकल्प के साथ हुई थी, आज वही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है।

# केरलम में इंदिरा गारंटी से आएगा बदलावः जूली

**जयपुर/कोट्टायम।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सोमवार से केरलम के दो दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। जूली ने कोट्टायम पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमेन चांडी के पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी चांडी ओमेन के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र-पुदुपल्ली में एक जनसभा को संबोधित किया।

जूली ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि केरलम की जनता वर्तमान सरकार के कुशासन से त्रस्त है और इस बार राज्य में कांग्रेस नीत यूडीएफ के पक्ष में भारी जनसमर्थन और बदलाव की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। जूली ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ जो जंग छेडी है, आज पूरा देश इस मुहिम में उनके साथ खडा है।

जूली ने कहा कि "केरलम में इंदिरा गारंटी ही असली बदलाव लाएगी और यूडीएफ की जीत सुनिश्चित करेगी। भाजपा-आरएसएस की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ राहुल गांधी जो जंग लड़ रहे हैं, देश के भविष्य के लिए हमें उसमें उनका मजबूती से साथ देना है।"

# 24 शहरों में आंधी-बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव दर्ज किया गया है। सोमवार को चूरू और श्रीगंगानगर सहित कुछ शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ का सर्वाधिक असर देखने को मिलेगा। इसके प्रभाव से प्रदेश के 24 शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। सोमवार को चूरू और श्रीगंगानगर में दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और काले घने बादलों के साथ मध्यम गति की हवाएं चलीं तथा हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं 36.4 डिग्री सेल्सियस के साथ चित्तौड़गढ़ का दिन सबसे गर्म और 23.4 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके प्रभाव से मंगलवार को इन क्षेत्रों के साथ भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन, 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी, ओलावृष्टि और मध्यम से तेज बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में 20 से 50 मिमी तक वर्षा दर्ज होने की संभावना है। वहीं 8 अप्रैल को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा।9 अप्रैल से अगले 3-4 दिनों तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने किसानों के लिए अलर्ट जारी करते हुए सलाह दी है कि खुले में रखी फसलों और अनाज को सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें या ढककर रखें।

# मंदिर के बाहर से एक्टिवा चोरी

**जयपुर।** गांधी नगर इलाके में स्थित मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में आए एक युवक की एक्टिवा चोरी हो गई। वाहन चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रुम को दी। कंट्रोल रुम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो तीन युवक एक्टिवा पर सिलेंडर ले जाते हुए दिखाई दिए।

पुलिस ने सीसीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों वाहन चोरों की तलाश शुरु कर दी है।मामले की जांच कर रहे मुख्य आरक्षी अभय सिंह ने बताया कि महेश नगर स्थित सिद्धि विनायक कॉलोनी निवासी प्रवेश खुटेटा ने मामला दर्ज कराया है कि वो अपनी भाभी प्रियंका गुप्ता से उनकी एक्टिवा मांग कर गणेश मंदिर आया था। सोनी हॉस्पिटल के सामने वाली लाइन में पीड़ित ने एक्टिवा खड़ी की और मंदिर चला गया। महज 15 मिनट बाद वापस लौटा तो एक्टिवा गायब मिली।बताया जा रहा है कि तीनों बदमाशों ने एक्टिवा चोरी करने के बाद सिलेंडर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।